तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

[ बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़ ]



## खबर संक्षेप

### स्कूटी-बाइक टक्कर में दो घायल, मामला दर्ज

**बालोद।** बाईक को स्कूटी ने ठोकर मार दी, जिसमे बाईक सवार दोनो युवक घायल हो गए। जहां बाईक सवार एक युवक के पिता ने स्कूटी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराा है। जिसके बाद पुलिस ने 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज किया है। ग्राम लाटाबोड निवासी गोपेश्वर कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 01 सितंबर को मेरा बेटा एश्वर्य कुमार साहू अपने दोस्त कुणाल मंडावी निवासी लाटाबोड के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलसी 5954 से लाटाबोड से ग्राम जगन्नाथपुर बैग सिलाने जा रहे थे, शाम करीबन 04.30 बजे ग्राम देवीनवागांव पानी टंकी के पास पहुचे थे तभी सामने से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 18 पी 2173 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज रफतार से मेरे बेटे एश्वर्य कुमार साहू के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से एश्वर्य कुमार साहू के दाहिने पैर के पंजा एवं घुटना में चोट आया है तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे कुणाल मंडावी को भी चोट आया है। मोटर सायकल क्षतिग्रस्त हो गया है तब घटना को देखकर राह से गुजर रहे डुलेश्वर यदुवंशी मेरे बेटे को उपचार करने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाटाबोड लाये थे, मोटर सायकल के पीछे बैठे कुणाल मंडावी को भी चोट आया है। जहां डॉक्टर साहब द्वारा मेरे बेटे को रिफर करने पर जिला अस्पताल बालोद लाया जहां से डॉक्टर द्वारा एश्वर्य को ज्यादा चोट आने से उपचार हेतु रिफर करने पर मैं अपने बेटे को निजी अस्पताल सिवनी में भतएं किया हूं जिसका ईलाज चल रहा है, अपने बेटे के ईलाज में व्यस्त होने से 06 सितंबर को रिपोर्ट करने आया हूं।

### सुख-शांति और समृद्धि के लिए पीपरछेड़ी में हुआ रामायण पाठ

**बालोद।** बालोद ब्लॉक के ग्राम पीपरछेड़ी में समस्त ग्रामवासियो द्वारा आयोजित अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन रविवार प्रातः 08.30 बजे से प्रारम्भ हुआ है, जो 24 घंटो तक लगातार श्री राम नाम सप्ताह पठन पाठन के बाद सोमवार को प्रातः समापन होगा।

अखण्ड रामायण पाठ श्रवण करवाने का मुख्य उद्देश्य ग्राम की सुख शान्ति, समृद्धि की मंगल कामना के लिए प्रत्येक वर्ष करवाया जाता है। इस कार्यक्रम हेतु ग्राम में श्री राम कोठी भवन समिति का गठन किया गया।

श्री राम कोठी भवन समिति में नवनियुक्त चयनित सदस्यों का नाम अध्यक्ष महेश्वर कुमार, सचिव ढालेंद्र कुमार साहू,कोषाध्यक्ष महेश्वर कुमार साहु, सेवंत माहला, नरेंद्र कुमार, कांशी राम, कोमल साहू, ठाकुर राम साहू, सोमन लाल, कुंज बिहारी, पोषण लाल साहू, बलि राम निर्मलकर, महेश कुमार, राजकुमार साहु,कांशी राम साहू, रेवा शंकर देहारी, प्रवीण चौधरी है।

### अलमारी से 80 हजार पार

**भिलाई।** तीजा मनाने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने अलमारी में रखे नगदी रकम पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि डिपरा पारा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर वार्ड 39 निवासी हीना सोनकर कमरे में ताला जड़कर मायके गुण्डरदेही तीजा मनाने गई हुई थी। दोनो बच्चे जेठ संतराम सोनकर के मकान विजय नगर डीपरा पारा दुर्ग में रहते हैं। 2 सितंबर को देवरानी पडोस के मकान मे रहती हैं। फोन कर बताई कि कमरे का ताला टूटा पड़ा मिला है। तब मायके से वापस ससुराल लौट आई। तब घर के आलमारी से पांच-पांच सौ रूपये के नोट 80 हजार रुपए था। शिकायत पुलिस में दर्ज कराई गई है।

मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि इंद्रजीत चौधरी वाहन चालक का काम करता है।

# सरोवर में विधिवत किया गणेश जी का विसर्जन...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोहारडीह में आज ढोल, नागडा बाजा के साथ गणेश जी की शोभा यात्र निकाला गया ओर गांव के सरोवर में ही गणेश जी का विसर्जन किया गया। ग्राम में भगवान गणेश के शोभायात्र के दौरान ग्राम की महिलाएं शोभायात्र मे पहुंच भगवान गणेश का पूजा अर्चना कर प्रसाद प्राप्त करती दिखी तथा बच्चे व युवक भक्तिगीतो पर नाचते गाते नजर आए। जिसमे समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।





## कार्रवाई : बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद की शिकायत पर अवैध प्रार्थना सभा का भंडाफोड़

# धर्मांतरण सभा में पुलिस की दबिश 22 हिरासत में व 8 को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा एक निजी मकान में कुछ ईसाई पास्टर द्वारा लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने एवं अवैध रूप से प्रार्थना सभा की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने 22 लोगों को हिरासत में लिया, जहां पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वैध प्राथना सभा नही होने पर पुलिस ने 22 लोगों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जिसमे 8 पुरूष 14 महिला शामिल है। हिरासत मे लिए गए लोगो को पुलिस ने गुण्डरदेही एसडीएम न्यायाल में किया पेश जिसमे 8 को न्यायाल के आदेश पर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

गुण्डरदेही धमतरी मुख्य मार्ग पर चैनगंज के एक निजी मकान में आज सुबह कथित रूप से अवैध रूप से सामूहिक प्रार्थना करते 40 से 45 लोगों को गुण्डरदेही पुलिस ने पकड़ा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक अधिकांश लोग दुर्ग जिला के रहने वाले हैं, उन पर आरोप है कि वे लगातार क्षेत्र में धर्मांतरण कराने एवं अवैध रूप से प्रार्थना सभा कराने का काम कर रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुण्डरदेही नगर के चौनगंज वार्ड में खलारी नाला से पहले एक निजी मकान में कुछ ईसाई पास्टर द्वारा लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने एवं अवैध रूप से प्रार्थना सभा करने की लिखित शिकायत की। जिसके बाद गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 40 से 45 माहिला पुरुषों को थाना लाया गया, फिलहाल गुण्डरदेही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। वहीं जानकारी के मुताबिक 5 से 6 पादरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

आरोप है कि बालोद जिले के अंदर लगातार खासकर गुण्डरदेही क्षेत्र के कई गांवों में इस तरह हिंदू परिवारों के मतांतरण के उद्देश्य से ईसाई मिशनरियों के पास्टर पादरी के द्वारा भोलेभाले हिंदुओं को लालच देकर व बरगलाकर ईसाई धर्म में जोड़ने ईसा मसीह की प्रार्थना करने को कहते हैं। यह मामला जिले के अंदर नया नहीं है। इससे पहले भी जिले के डौंडी, डौंडीलोहारा, अर्जुन्दा, गुरूर, दल्ली राजहरा जैसे नगरों में भी मामला सामने आये है। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक बालोद से दूरभाष पर मामले की जानकारी देते हुए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद बालोद जिला संगठन ने कहा है कि मिशनरी के लोग घरों को ही चर्च का रूप देकर हिंदू धर्म समाज का मतांतरण का खेल खेल रहे है।

हाल ही में हिंदू संगठनों के द्वारा जो अवैध प्रार्थना सभा करने की जगह की जानकारी दी गई व मौके पर पुलिस व संगठन के लोग पहुंचे तो देखा गया है कि घरों को ही चर्च बना दिया गया है। बकायदा नामकरण भी कई स्थानों पर किया गया है। जैसे माहुद बी के घर में जब धरपकड़ किया गया तो वहां बकायदा दीवार में चर्च का नाम लिखा था।

### पादरी से पूछताछ जारी



### ये रहे उपस्थित

इस मामले के खुलासे में गुण्डरदेही क्षेत्र के बजरंग दल के जिला सह संयोजक स्वप्निल शर्मा, प्रखंड संयोजक पंकज साहू, चंदन पटेल, वीरेंद्र कुमार, हिमांशु महोबिया सहित अन्य विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की बड़ी भूमिका रही इस अवसर पर उक्त कार्यवाही के दौरान मंडल अध्यक्ष युवराज मार्कण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य सौरभ चोपड़ा, मुकेश साहू, फतिप साहू सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ड्राइवर की शिकायत पर कनडेक्टर के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज

**बालोद।** कन्डेक्टर अपने ड्राईवर के घर में रखे बाईक को लेकर रफूचक्कर हो गया। जिसके बाद ड्राईवर ने उक्त युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम डांडेसरा निवासी सोमेन्द्र कुमार निषाद पिता सनक राम निषाद 26 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 9506 का चालक हुं 15 दिन पूर्व अपने ट्रक लेकर आयरन पत्थर लेने छोटे डोंगर जा रहा था कि तभी मुझे नारायणपुर में 19 अगस्त 2025 को गढ़बंगाल चौक में युवक मिला था, जो मुझे वह तुम्हारे साथ ट्रक में चलने के लिए कनडेक्टरी का काम के लिए रख लो कहने पर मैंने उसे अपने ट्रक में कनडेक्टरी का काम करने के लिए रख लिया था। जिसका नाम हरिवंश सेवता ग्राम तहकाल हिमोड़ा थाना अंटागढ़ जिला कांकेर (छ0ग0) बताया, जिसे मैं अपने ट्रक में कनडेक्टरी पर रखा था, 23 अगस्त 2025 को मैं अपने ट्रक को लेकर ग्राम डांडेसरा घर आया था, साथ में मेरा कनडेक्टर हरिवंश सेवता भी आया था, 24 अक्टूबर 2025 को मैं दोपहर 3 बजे करीब अपने घर के सामने रोड किनारे मेरा मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 24 डब्लू 3568 को रखा था, मैं घर अंदर था, तभी करीबन ▶▶|शेष पेज 10 पर

# तीन दिवसीय अखण्ड श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम मुढ़िया में समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अखण्ड श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ जिसमें समस्त ग्राम वासियों की सहयोग से तीन दिन त्यौहार के रूप में बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें रामधुनी की विभिन्न मंडियों की प्रस्तुति हुई गणेश विसर्जन के दिन गांव में अलग–अलग चौक चौराहा पर विशेष झांकियां निकाली। इसी दिन को गांव वाले मेले के रूप में भी मनाया जाते हैं। इसी झांकी को देखने के लिए आस पास के गांव के लोग भी आते हैं। जहां गाजे बाजे के साथ रामधुनि का भजन गाते हुए गणेश जी की प्रतिमा को शाम 6 बजे गांव के तालाब में विसर्जन किया गया। यह जानकारी शिव कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।





# गणेश विसर्जन शोभायात्रा कल निकालेंगे बैठक में डीजे प्रतिबंध पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

गणेश विसर्जन को लेकर बालोद पुलिस कार्यालय एवं जिले के समस्त थाना चौकी अंतर्गत शांति समिति बैठक हुई। बालोद पुलिस की ओर से गणेश समितियों को गणेश विसर्जन हेतु सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था संबंधी उचित दिशा–निर्देश दिए गए। डीजे पूर्णतः होगी प्रतिबंध, विसर्जन हेतु निर्धारित समय का पालन एवं रैली पूर्वएसडीएम से परमिशन लेनी होगी।

गणेश विसर्जन के दौरान बालोद शहर एवं पूरे जिले में चाक चौबंद सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने गणेश विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित समय सीमा के भीतर ही किये जाने दिए निर्देश अंधेरा होने के बाद किसी भी प्रकार का विसर्जन नहीं किया जाए। विशेष रूप से बड़ी मूर्तियों का विसर्जन केवल निर्धारित सुरक्षित माध्यम व (क्रेन) से ही किया जाए, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

एसडीओपी बालोद ने स्पष्ट किया कि विसर्जन कार्यक्रम के दौरान डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। धार्मिक वातावरण की गरिमा बनाए रखते हुए केवल पारंपरिक तरीकों का उपयोग किया जाए।

सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु पुलिस बल के साथ गणेश समितियों के द्वारा स्वयं सेवकों (वालेंटियर्स) की भी नियुक्ति की जाए। इसके अलावा विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की टीम तैनात की जाएगी तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल टीम की ▶▶|शेष पेज 10 पर



सुरक्षित और व्यवस्थित कराने पुलिस ने जारी किए दिशा-निर्देश

## स्वयं के ऋण को किसी अन्य को देने से बचने की दी गई हिदायत

# पुलिस ने महिलाओं को दी साइबर सुरक्षा व नशा मुक्ति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वयं के निकाले ऋण राशि को किसी भी लालच में किसी भी दूसरे व्यक्ति को नहीं देना की हिदायत दी गई। बालोद पुलिस ने जिले के विभिन्न समूहों के लगभग 100 से 150 महिलाओं को पंपलेट वितरित किए, जिसमें नशा मुक्ति और साइबर जागरूकता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

जिले के विभिन्न स्व सहायता समूहों, संगठनों को साइबर ठगी, साईबर सुरक्षा की जानकारी जानकारी दी गई। आज आयोजित कार्यक्रम में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर द्वारा शहर और ग्रामीण क्षेत्र के महिला समूहों को साइबर जागरूकता संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। बदलते तकनीकी दौर में इंटरनेट और सोशल मीडिया का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे जहां सुविधाएँ मिल रही हैं वहीं साइबर अपराधों की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने महिलाओं को सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को यह समझाया गया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे आधार संख्या, बैंक विवरण, पासवर्ड और ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। उन्हें यह भी बताया गया कि ▶▶|शेष पेज 10 पर






### समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान का आरंभ 6वीं से 8वीं के छात्रों का हुआ नेत्र परीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन मे समग्र बाल नेत्र सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आरंभ 2 सितंबर से किया जा चुका है। सहायक जिला नोडल अधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया इस अभियान के तहत माध्यमिक शालाओ मे 6वीं से 8वीं तक के छात्र छात्रओ का नेत्र परीक्षण किया जा रहा है। उन्होने बताया परीक्षण उपरांत दृष्टिदोश के छात्र छात्रओ को निःशुल्क चश्मा अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम ईकाई बालोद के माध्यम से प्रदान की जावेगी। शाला मे नेत्र परीक्षण नेत्र सहायक अधिकारीयो के माध्यम से किया जा रहा है। अक्टूबर माह मे सभी छात्रे को निःशुल्क चस्मा दिया जावेगा।

## खबर संक्षेप



### कर्मियों को मिला कर्म शिरोमणि पुरस्कार

**भिलाई।** सेल- बीएसपी के आर.ई.डी. विभाग में कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रोसेनजीत दास रहे। दास ने कहा कि यह पुरस्कार केवल उत्कृष्ट कार्य के लिए ही नहीं बल्कि सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए भी प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर डोल कुमार चौहान, टेक सिंह एवं संतोष कुमार पाल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए तथा उन्हें उनके जीवनसाथियों हेतु भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र भेंट किया गया। समारोह में महाप्रबंधक आर. गोपाल कृष्णन, उप महाप्रबंधक इन्द्रदीप चटर्जी, सहायक महाप्रबंधक अमित राय, अनिल पाढ़ी, मालिनी परगनिया, मोहम्मद शाबिर, प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह एवं उप प्रबंधक सौरभ यादव उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेताओं की कार्यशैली एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में और भी उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया एवं ऑफिस एसोसिएट हर्षिता नाग ने किया।

### भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बने हर्ष

**भिलाई।** भिलाई के होनहार युवा लेफ्टिनेंट हर्ष गोहिया का भारतीय सेना में कमीशन होना न केवल उनके परिवार के लिए गौरव का क्षण है, बल्कि पूरे भिलाई नगर और सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र बिरादरी के लिए प्रेरणादायी उपलब्धि है। यह माटी के लाल की कहानी है, जो दृढ़ संकल्प, अनुशासन और देशभक्ति की उन मूल्यों को जीवंत करती है, जिन पर भारतीय सशस्त्र सेनाओं की पहचान टिकी है।



## धूमधाम से हुआ भगवान गणेश का विसर्जन...






**बालोद।** जिले मे 11 दिनो तक चले गणोत्सव के दौरान जिले के लोग बुद्वि के देवता, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने के बाद शनिवार को हवन पूजन के बाद रविवार को गाजे बाजे व डीजे की धून मे धूमधाम से नम आंखो से भगवान गणेश का विसर्जन करते दिखे। जिले मे 11 दिनो तक चले इस गणोत्सव पर्व मे हर दिन मोहल्लो व चौक चौराहो मे बुद्वि के देवता, विघ्नहर्ता भगवान गणेश की सेवा मे छोटे बच्चो से लेकर युवा लगे रहे तथा भगवान की सेवा कर उन्हे प्रसन्न करने का काम करते दिखे। जहां शनिवार को समितियो द्वारा गणेश पंडालो मे हवन पूजन का आयोजन किया गया था जिसमे बड़ी संख्या मे बच्चो के साथ युवा व महिलाएं सम्मिलित हुए तथा हवन के बाद समितियो द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां रविवार को गणेश विर्सजन किया गया। इस दौरान अलग अलग समितियो द्वारा अपने अपने तरीके से शोभायात्र निकालते हुए भगवान गणेश का विसर्जन किया गया। जहां शहर मे समितियो द्वारा निकाले गए शोभायात्र मे भक्त पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना के साथ प्रसाद ग्रहण करते दिखे। जहां जिसमे विसर्जन के समय क्रेन का उपयोग कर भगवान गणेश की मूर्ति को विसर्जित करने का काम किया गया।

## दोहरी नीति : बिना माइग्रेशन सर्टिफिकेट के विद्यार्थियों को दूसरे कॉलेजों ने नहीं मिलेगा प्रवेश

# हेमचंद यूनिवर्सिटी दे रहा सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट, इधर कॉलेजों में दाखिले की मियाद पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

उच्च शिक्षा विभाग की अनुमति के बाद हेमचंद यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों में दाखिले के अंतिम मौका 5 सितंबर तय किया है। यानी दाखिले की मियाद अब पूरी हो गई है।

प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन फार्म ऐसे विद्यार्थियों से मंगवाए गए थे जो अब तक प्रवेश के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। लेकिन इनमें से ऐसे भी विद्यार्थी हैं जो यूनिवर्सिटी में पहले एक या दो साल की पढ़ाई के दौरान फेल हो गए। निजी कॉलेजों में दाखिले के लिए माइग्रेशन सर्टिफिकेट अनिवार्य है। इधर यूनिवर्सिटी द्वारा आवेदन के सात दिन बाद माइग्रेशन सर्टिफिकेट दिए जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में सैकड़ों विद्यार्थी दाखिले लेने से वंचित हो जाएंगे।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



### स्टूडेंट्स हो रहे परेशान, नहीं हो रही सुनवाई

#### माइग्रेशन सर्टिफिकेट के दौरान ही त्रुटि भी निकाल रहा स्टॉफ

हेमचंद यूनिवर्सिटी में माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के दौरान ही मार्कशीट में पिता या माता के नाम की त्रुटि भी निकाली जा रही है। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले ऑनलाइन आवेदन करवा रहे हैं। इसके लिए यूनिवर्सिटी द्वारा परिसर के बाहर निजी च्वाइंस सेंटरों में भेजा जा रहा है। वहां से आवेदन करने के बाद हार्डकापी को माइग्रेशन काउंटर में जमा लिया जा रहा है। इस दौरान बारहवीं-दसवीं के सर्टिफिकेट में यदि पिता या माता का नाम के बीच केवल स्पेस आ जा रहा है तो उसे त्रुटि बताकर लौटा दिया जा रहा। जबकि स्वयं के यूनिवर्सिटी द्वारा जारी अंकसूची में उसी तरह नाम अंकित हैं जैसे बारहवीं की अंकसूची में था।

#### पूरे दिन में नहीं सुधार रहे त्रुटि

कॉलेजों में दाखिले के लिए विद्यार्थियों के पास समय की कमी है और यूनिवर्सिटी का स्टॉफ त्रुटि सुधार का शुल्क 240 रुपए जमा करवाने के बाद भी पूरा दिन बिता दे रहा है। इसलिए विद्यार्थी दूसरे दिन यूनिवर्सिटी आ रहा है। तब कहीं जाकर माइग्रेशन आवेदन की हार्ड कॉपी जमा ली जा रही है। प्रकियाओं में ही विद्यार्थियों को इतना उलझा दिया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एडमिशन के लिए स्पेशल डेट बढ़ाने के बाद उस मियाद में दाखिला नहीं ले पाएंगे। विद्यार्थियों का कहना है कि त्रुटि सुधार वाकई जरूरी है तो उसे एडमिशन लेने के बाद भी करवाया जा सकता है। लेकिन बिना त्रुटि सुधार के माइग्रेशन सर्टिफिकेट के आवेदन की कापी जमा नहीं लेना मनमानी है।

#### 42 हजार सीटें हैं कॉलेजों में खाली

हेमचंद यूनिवर्सिटी के अंतर्गत दुर्ग संभाग के 162 सरकारी व निजी कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में यूजी की 55074 सीटों हैं। जिसमें 18981 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह यूजी की 36 हजार सीटें खाली रह गई है। पीजी की 15386 सीटें हैं। जिसमें 5816 विद्यार्थियों ने ही प्रवेश लिया है। इस तरह पीजी की 9570 सीटें रिक्त रह गई है। इन सीटों को भरने के लिए ही उच्च शिक्षा विभाग ने विशेष रूप से प्रवेश की तिथि 5 सितंबर तक किया था। खासकर निजी कॉलेज में विद्यार्थी नहीं आए तो उन्हे सबसे ज्यादा दिक्कतें संचालन में आएगी।

#### यूनिवर्सिटी के पास ऑफलाइन सुविधा नहीं

यूनिवर्सिटी विद्यार्थियों को ऑनलाइन और ऑफ लाइन दोनों तरह की सुविधाएं स्वयं की उपलब्ध करवाने का दावा करता रहा है लेकिन ऐसी सुविधाएं इन दिनों यहां नहीं दिखाई देती। हरिभूमि ने इसकी पड़ताल की। विद्यार्थियों को यूनिवर्सिटी परिसर के सामने प्राइवेट सेवा केंद्रों में भेजा गया। वहां माइग्रेशन के लिए आवेदन करने पर शुल्क सहित 400 रुपए और त्रुटि सुधार के लिए 240 रुपए देने पड़े।

#### इसी समय पता चलता है त्रुटि

“ जब विद्यार्थी माइग्रेशन सर्टिफिकेट लेने के लिए आता है तभी हम चेक करवाते हैं। इसी समय त्रुटि भी पता चलता है। माइग्रेशन सर्टिफिकेट आवेदन करने के पांच दिन बाद देने का नियम है। इसलिए सात दिन का समय विद्यार्थियों को दिया जा रहा है।

-हिमांशु शेखर मंडावी, प्रभारी अधिकारी माइग्रेशन

### पंडालों में धारदार हथियार लेकर घूम रहे आठ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गणेश उत्सव के अवसर पर जिले की पुलिस द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पंडालो में निगाह रखे जाने के लिए पुलिस सिविल ड्रेस में तैनात थी। पिछले दो दिनो में गणेश उत्सव पंडालों के आसपास चेकिंग की गई। 8 युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। इनके पास से धारदार हथियार जब्त हुआ है। सुपेला से राधिका नगर में युवराज सोनी,पद्मनाभपुर रायपुर नाका ओवरब्रिज के नीचे से अंकुश नायक, वैशाली नगर गौरथ पथ जवाहर चौक, कमलेश उर्फ भुरू, गोपी साहू, हर्ष कुमार उर्फ सोनू, अपचारी बालक से धारदार हथियार जब्त किया गया।

### मकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** केरल गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि दिनेश बैंजामिन ने शिकायत किया था कि जयदीप सिंह के मकान सडक 1 जैन मंदिर रोड प्रगति नगर रिसाली के कीचन की कुंडी तोड़कर चोरी करने किया था।मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ग्राम धनोरा शक्ति नगर पदमनाभपुर निवासी तेजेश्वर जांगड़े उर्फ चिंटू को पकड़ा गया। पूछताछ में स्वीकार किया कि अपने साथी ठमेश्वर साहू उर्फ रवि के साथ मिलकर उक्त मकान में चोरी किया। पुलिस ने सोना चांदी के जेवरात, वाहन सीजी 07 बी एच 0309 को जब्त किया। सामानों की कीमत 1.40 लाख रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में नेवई प्रभारी कमल सिंह सेंगर समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# ब्लॉक अध्यक्ष तय करने सरगर्मी तेज, आपसी सहमति से नाम तय करने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कांग्रेस संगठन की मज़बूती और कार्यकर्ताओं के मनोबल को सशक्त करने के उद्देश्य से ब्लॉक अध्यक्षों का चुनाव होना है। इसे लेकर आपसी सहमति बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। हर ब्लॉक से एक नाम तय करने की कोशिश की जा रही है। इसे लेकर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक खेल एवं सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन में हुई। बैठक का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार किया गया। बैठक में दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षदगण, पूर्व पार्षदगण और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर छन्नी साहू पूर्व विधायक) को दक्षिण ब्लॉक प्रभारी के रूप में आमंत्रित किया गया। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली पहचान और सबसे बड़ी पूंजी हमारे जमीनी कार्यकर्ता हैं। आप सभी की निष्ठा, संघर्ष और समर्पण ही वह मज़बूत नींव है, जिस पर हमारी पार्टी की इमारत खड़ी है। हर परिस्थिति में हर मोड़ पर जब भी कांग्रेस ने संघर्ष किया है। कार्यकर्ताओं ने अपने पसीने और परिश्रम से पार्टी को संबल प्रदान किया है। आने वाले समय में आप सभी की सक्रियता से पार्टी सशक्त बनेगी। बैठक में पूर्व पार्षद प्रकाश जोशी, कमलेश नागर्ची, निकिता मिलिंद, भूपेंद्र वर्मा, सौरभ ताम्रकार, गुरदीप सिंह भाटिया, अजय मिश्रा, शरीफ खान सहित अन्य मौजूद थे।

■ ब्लाक अध्यक्ष तय करने के लिए हुई बैठक



# विद्यालय ही वह स्थान जहां जीवन की गंगा होती है प्रवाहित : डॉ. ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-2 में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती और शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी उपस्थित थे।

छात्राओं तनिष्का, आर्या पांडे, योगिता एवं किरणदीप ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह का स्वागत उद्बोधन पालक-शिक्षक समिति के अध्यक्ष ने किया। मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर ने कहा कि विद्यालय ही वह स्थान है जहाँ से जीवन की गंगा प्रवाहित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि कार्य ऐसा करना चाहिए, जिसे सदियों तक याद रखा जाए। अमूल्य प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी एक क्षेत्र में स्वयं को पारंगत कर उत्कृष्टता प्राप्त करनी चाहिए। आपको आपका स्किल ही जीवन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेगा। प्राचार्य विजय सिंह पवार ने विद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों एवं आगामी योजनाओं पर प्रस्तुति दी। इस अवसर पर चारों सदनों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक दिवस की थीम पर ग्रीटिंग कार्ड भी प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में क्वायर ग्रुप द्वारा सतीष मिश्रा एवं रजनी रजक के मार्गदर्शन में स्वागत गान, गुरु वंदना एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। नेहा सिंह के निर्देशन में तनिष्का एवं सहयोगी छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुति दी। वंदना सोनवाने के मार्गदर्शन में रूद्र सिंह एवं सहयोगी छात्रों ने क्लासरूम एक दिन पर आधारित नृत्य-नाटिका का प्रदर्शन किया। रजनी रजक ने इस अवसर पर लोकगीत प्रस्तुत किया। समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी शिक्षकों का श्रीफल एवं उपहार भेंटकर अभिनंदन किया गया।

■ बीएसपी भिलाई विद्यालय में शिक्षक अभिनंदन समारोह



### वैशाली नगर में हुई एबीयूएस की बैठक



**भिलाई।** अखिल भारतीय उड़िया समाज की बैठक मंत्री मंटू हरपाल के नेतृत्व में वैशाली नगर में संपन्न हुई। इस दौरान महिला पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी , महासचिव टीके निहाल ने समाज के गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। नशा, दहेज प्रथा,बाल विवाह को लेकर जागरुक किया। 21 सितंबर को होने वाले नुआखाई महोत्सव को लेकर जानकारी दी। बैठक में विधुर तांडी, तुफान दीप, छोटू सोना, नंदराज विभार, अमीत विभार, पाडू तांडी, अशोक बघेल, रवि पटनायक, अभिषेक विभार, गिरी विभार, किशोर नायक,लाल कुमार, अमर तांडी आदि मौजूद थे।

पेज 9 के शेष...

### ड्राइवर की शिकायत...

शाम 5 बजे मेरी दीदी कांती बाई तीज त्यौहार पर घर आई थी, उसने मुझे बताई कि जो तुम्हारे साथ कनडेक्टर आया था। वह मोटर साइकिल को ले गया है, जिसे मैं देखी हूं, मैंने सोचा कि मेरा कनडेक्टर किसी काम से या अपने घर मोटर साइकिल को ले गया होगा, लेकिन वह 6 सितंबर 2025 तक वापस घर डांडेसरा नहीं आया, उससे सम्पर्क करने पर मेरे कनडेक्टर का कहीं पता नहीं चल रहा है। कनडेक्टर हरिवंश सेवता मेरा मोटर साइकिल को मुझे बिना बताये एवं जानकारी के 23 अगस्त 25 के दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के बीच मेरा मोटर सायकिल को चोरी कर ले गया है।

### गणेश विसर्जन...

व्यवस्था भी की जाए। रैली पूर्व अनुमति गणेश समितियों को रैली पूर्व अपने एसडीएम से आवश्यक अनुमति लेनी होगी जिससे समितियों की आने जाने का रूट और विसर्जन स्थल की जानकारी स्पष्ट रहे और गणेश समिति सभी नियमों का पालन भी करें। बालोद पुलिस द्वारा सभी गणेश उत्सव समितियों एवं आमजन से अपील की गई है कि वे प्रशासन एवं पुलिस के निर्देशों का पालन करें, शांति और सौहार्द का वातावरण बनाए रखें तथा गणेश विसर्जन को एक सुरक्षित और सामूहिक उत्सव के रूप में सम्पन्न करें। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में हुए उक्त बैठक में एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, सीएसपी राजहरा डॉक्टर चित्र वर्मा, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, बालोद एवं राजहरा क्षेत्र के गणेश उत्सव समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

### पुलिस ने महिलाओं...

संदिग्ध लिंक, फर्जी कॉल और अज्ञात संदेशों से बचना कितना आवश्यक है। विशेषज्ञों ने उदाहरण देकर स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी अक्सर धोखाधड़ी वाले तरीकों का उपयोग कर भोले–भाले लोगों को निशाना बनाते हैं। महिला समूहों को सुरक्षित पासवर्ड बनाने, समय–समय पर उसे बदलने और मोबाइल में एंटीवायरस तथा सुरक्षा सुविधाएं सक्रिय रखने की सलाह दी गई। साथ ही सोशल मीडिया पर अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करने और निजी फोटो या वीडियो साझा न करने पर विशेष जोर दिया गया। स्वयं के निकाले ऋण राशि को किसी भी लालच में किसी भी दूसरे व्यक्ति को नहीं देना की हिदायत दी गई।

कार्यक्रम में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक चुरेंद्र लाल ने साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों उससे बचने के उपाय, नशा मुक्ति के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को तकनीक का सही और सुरक्षित उपयोग करने के लिए प्रेरित करना था ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी से बचाव कर सकें। उपस्थित प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में एसडीओपी देवांश सिंह राठौर, साइबर सेल बालोद से प्रधान आरक्षक रूमलाल चुरेंद्र, आरक्षक रविकांत गंधर्व, रीजनल मैनेजर नीवरुट्टी निकोड़े, एरिया मैनेजर बाला राम पटेल, लाइजर ऑफिसर भारत भूषण शर्मा एवं सभी स्टाफ और जिले के विभिन्न के समूहों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महापौर नीरज और निगम आयुक्त पांडेय से ली जानकारी

# कलेक्टर ने तारामंडल और वूमेन फॉर ट्री स्कीम की प्रगति देखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कलेक्टर अभिजीत सिंह राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुए तारामंडल बाल उद्यान में वूमेन फॉर ट्री योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण किये। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा भी पौधों का रोपण किया गया है। कलेक्टर द्वारा इस योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई । यह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, इस योजना से नगरपालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत 8000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है । 40 उद्यानों व स्थलों में कुल 12500 पौधों का रोपण किया जाना स्वीकृत है। महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से वृक्षारोपण सह संरक्षण की योजना से बेरोजगार महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। वूमेन फॉर ट्री स्कीम शहर की हरियाली बढ़ाते हुए पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महिलाओं को रोजगार प्रदान करते हुए सशक्त करने की भी योजना है ।

#### नेहरूनगर में तारामंडल का किया अवलोकन

कलेक्टर नेहरू नगर पूर्व में निर्मित तारामंडल (प्लैनोटेरियम) का अवलोकन कर संचालन के संबंध में बारीकी से चर्चा किये। स्कूली बच्चों को तारामंडल में शैक्षणिक भ्रमण कराए जाने हेतु चर्चा किया गया है। साथ ही आम नागरिकों के भ्रमण हेतु प्रचार प्रसार की आवश्यकता के बारे में चर्चा किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा भिलाई में चल रहे हैं निर्माण कार्य सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण भी किये हैं । वृक्षारोपण एवं अटल परिसर के निरीक्षण के दौरान महापौर नीरज पाल व आयुक्त राजीव पांडेय उपस्थित रहे । नेहरू नगर पूर्व स्थित नेहरू प्लेनेटोरियम का निरीक्षण किए। वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत उद्यान में पौधारोपण किये । समीपस्थ अटल परिसर के निर्माणाधीन कार्य का अवलोकन किये ।



#### ग्रीन सिटी क्लीन सिटी

भिलाई शहर को ग्रीन सिटी और क्लीन सिटी के नाम से जाना जाता है केंद्र सरकार की वूमेन फॉर ट्री योजना के तहत किए जा रहे हैं वृक्षारोपण और विशेष तौर पर महिलाओं के लिए चल रहे विकास कार्यों को लेकर ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं की बहुत जल्द भिलाई की तस्वीर एक नए रूप में देखने को मिलेगी।

#### खुर्सीपार में गारमेंट फैक्टरी का अवलोकन

कलेक्टर ने खुर्सीपार आई टी आई समीप गारमेंट फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन किया । खुर्सीपार एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर खाद निर्माण व पृथकीकरण के कार्य की जानकारी प्राप्त की । उसके बाद हुडको अंतर्गत निर्माणाधीन मंगल भवन का बारीकी से अवलोकन किए। निरीक्षण का सिलसिला इसके बाद भी आगे चलता रहा और इस कड़ी में ग्राम सेमरिया स्थित निगम स्वामित्व की भूमि का अवलोकन किये और सीमांकन हेतु तहसीलदार को निर्देशित किये हैं। आगामी समय में सेमरिया में नगर निगम संबंधित बड़े योजना की तैयारी चल रही है ।

## खबर संक्षेप



### बाल संस्कार शाला का किया गया निरीक्षण

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड डौंडीलोहारा में गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में विभिन्न गांवों में बाल संस्कार शाला संचालित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बाल संस्कारशाला केरीजुंगेरा(चिखली),लोहार टोला, कोड़ेकसा,खड़बत्तर,झीकाटोला, गोटीटोला,पीपरखार का भोलाराम साहू ब्लॉक समन्वयक गायत्री परिवार ब्लॉक डौंडीलोहारा तथा विरेन्द्र कुमार बघेल ब्लॉक प्रभारी युवा प्रकोष्ठ डौंडीलोहारा के द्वारा निरीक्षण किया गया। जिसमें सभी संस्कार शाला के आचार्यगण उत्साहित मन से बाल संस्कार शाला संचालित करते हैं। रविवार को खड़बत्तर के लगभग 25 बच्चों के द्वारा 26 पौधा रोपण किया गया। वहीं झीकाटोला में लगभग 40 बच्चों की उपस्थिति रही। गणेशोत्सव पर्व पर बच्चों के द्वारा गणेश जी की बहुत सुंदर मूर्तियां बनाई गई थी। निरीक्षक टीम के द्वारा सभी संस्कार शाला के बच्चों और आचार्यगणों को प्रोत्साहित किया गया।

### तृप्ति लता को उत्कृष्ट व्याख्याता सम्मान से किया गया सम्मानित

**डौंडीलोहारा।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। जिसमें जिले के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान किया गया।



इस अवसर पर सेजेस अछोली की व्याख्याता तृप्ति लता ठाकुर को भी विधायक श्री कुंवर सिंह निषाद, संगीता सिन्हा, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राकेश यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष , कलेक्टर दिव्या मिश्रा, जिला शिक्षाधिकारी वाई डी साहू, विकासखण्ड शिक्षाधिकारी डौंडीलोहारा हिमांशु मिश्रा, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी नवीन यादव,बीईओ गुरुर एवं बीइओ डौंडी एवं जिले के अधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।

तृप्ति लता ठाकुर विद्यालय और समुदाय के बीच अनुशासित, शाला के प्रति समर्पित और कर्तव्यनिष्ठ शिक्षिका के रूप में पहचानी जाती हैं। इनके द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए अपने पिता की स्मृति में दसवीं बारहवीं में प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष सम्मानित किया जाता है। संस्था के प्राचार्य आर एल तारम और संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और बच्चों ने इस सम्मान के लिए हर्षित है।

### किसान विपणन समिति की वार्षिक बैठक 8 को

**गुण्डरदेही।** किसान विपणन समिति गुण्डरदेही की वार्षिक वैठक 8 सितंबर दिन सोमवार को संस्था के परिसर में रखा गया है। जिसमे प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सदस्यो का स्वागत एंव संस्था के प्रगति प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण एंव पठन, वर्ष 2025–26 के अनुमोदित प्रस्तावित बजट का अनुमोदन व अन्य विषय पर चर्चा प्राधिकृत अधिकारी की अनुमति से होगा।

## प्रतियोगिता : लोहारपथरा धमतरी द्वितीय, खट्टी अभनपुर तृतीय और डिडगा पाटन चौथे स्थान पर

# डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता में देवगहन की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम भिरई में नव युवा कीड़ा प्रयास क्लब समिति एवं समस्त ग्राम वासियों भिरई की सहयोग से बाजार चौक भिरई में एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इसके समापन समारोह के मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर एवं निजी चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत भिराई सनत कुमार सिंह ने किया। विशेष अतिथि अध्यक्ष ग्राम विकास समिति मोहारा केशव रामधनकर, महेश सिन्हा, कावेरी सीड्स ऑर्गेनाइज डोमेन्द कुमार सार्वा एवं ग्राम के वरिष्ठ जन के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। समस्त अतिथियों ने भगवान गणेश के तेल चित्र पर माला अर्पण किया गया। फिर आयोजन समिति के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

■ डॉ. हरिकृष्ण गंजीर रहे मुख्य अतिथि, आयोजन में पूरे गांव की रही सक्रिय भागीदारी

मुख्य अतिथि डॉ गंजीर ने कहा सबसे पहले आयोजक समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद दिया और गणेश चतुथएँ की ढेरसारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और सभी की उज्जवल भविष्य की कामना किया और कहां जिस तरह से हम कार्यक्रम करते हैं, इस तरह अतिथियों द्वारा जो अच्छी बात कही जाती है उसको अपने जीवन में उतारने का प्रयास करेंगे और हर समितियां को कोई ना कोई रचनात्मक कार्य करना चाहिए जैसे स्वच्छता अभियान हो या पौंधारोपण हो या रक्तदान हो सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन के माध्यम से खिलाड़ियों को संभल प्राप्त किया। एक दिवासीय डे नाइट प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कबड्डी टीम देवगहन बालोद, द्वितीय स्थान लोहारपथरा धमतरी, तृतीय स्थान खट्टी अभनपुर, चतुर्थ स्थान डिडगा पाटन है। प्रतियोगिता मे रेफरी हेमसिंह पटेल, राहुल सिंह, योगेश साहू, पुष्पेंद्र साहू उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन चम्पेश्वर सिंह राजपूत, टेक राम पटेल और कार्यक्रम का आभार आयोजक समिति से लिकेशवर साहू ने किया। इस अवसर पर आयोजक समिति की सभी सदस्य ग्राम के समस्त वरिष्ठ जान माताएं भाइयों के बच्चे बडी उपस्थित थे।





### डोटोपार में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम डोटोपार में जय मां दंतेश्वरी युवा समिति, गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान मे एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जहां समापन समारोह के मुख्य अतिथि हिरण साहू थे, अध्यक्षता भूषण कलिहारी ने किया साथ ही विशेष अतिथि के रूप मे केके, विरेन्द्र कलिहारी, नारायण निषाद, योगेंद्र साहू, महेंद्र साहू, तुलेश कलिहारी, तरुण कलिहारी, निक्की राजपूत, सुनील निषाद, लोमस निषाद उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नीपानी की टीम, द्वितीय बोरीद एवं तृतीय पुरस्कार खुंदनी ने प्राप्त किया। जिसे समापन समारोह मे उपस्थित अतिथियों के कर कमलों से सम्मानित कर पुरस्कार वितरण किए गए।

### नवयुवा समिति ने आयोजित की एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोखा में नवयुवा गणेशउत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा बस स्टैंड के समीप एकदिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजोली के सरपंच त्रयोदश मुकेश, विशिष्ट अतिथि भूपत साहू कुम्हली, मोतीराम साहू आदि शामिल हुए। समापन समारोह में अतिथियों ने सभी खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया तथा विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि कबड्डी सचमुच हमारा एक प्राचीन खेल है, जो भारत की संस्कृति और इतिहास में गहराई से जुड़ा हुआ है। इसका उत्थान हरसंभव प्रयास से किया जा सकता है, जिसके लिए शिक्षा और खेल को जोड़ना, सामुदायिक स्तर पर बढ़ावा देना, और प्रो कबड्डी लीग जैसे पेशेवर मंचों का समर्थन करना चाहिए। इसके माध्यम से शारीरिक फिटनेस, टीम भावना, और भारतीय परंपराओं को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान समिति के सदस्यगण मूलचंद, नूतन, पारसमणी, मनीष, खोमेंद्र, टेकराम, नवीन, नंदकुमार, खेमलाल, टेमन, डीकेश्वर, दुष्यंत कुमार, जीतू यादव, कमल, मोंनू, भूपेंद्र, महेश्वर, योगेश, राजू, सोहन, बलराम मनस्वी, पंकज, सागर, भावेश तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## रजत जयंती पर सेजस में हुआ विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

सेजस विद्यालय दुधली में रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का परिचय देते हुए आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी में नींबू पानी व खाने के सोडा से नमक बनाने की प्रस्तुति हिमाचल निषाद (कक्षा 11वीं बायो) ने दी। ज्वालामुखी का विस्फोट मॉडल गोपिका धनकर एवं भाग्यश्री देशमुख (कक्षा 9वीं) ने प्रस्तुत किया। मेटल डिटेक्टर का मॉडल दिव्यांशु देशमुख एवं दुर्गेश साहू (कक्षा 9वीं ) ने प्रदर्शित किया। वहीं उत्सर्जन तंत्र का मॉडल यशिका साहू (कक्षा 11वीं ) ने और प्रकाश का परावर्तन का मॉडल प्राची निर्मलकर (कक्षा 10वीं) द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन एवं निरीक्षण विद्यालय की प्राचार्य दुर्गेश नंदिनी यादव एवं वरिष्ठ व्याख्याता मिलन सिंह सिन्हा ने किया तथा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन निर्मला कोमिया ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही। इस विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण का प्रदर्शन किया बल्कि रचनात्मकता एवं अनुसंधान की भावना को भी अभिव्यक्त किया गया।

## वैदिक ज्ञान में उज्ज्वल प्रदर्शन, सरस्वती शिक्षा संस्थान में छात्राओं को सम्मानित किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा विभाग स्तरीय वैदिक प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर कुम्हारी में आयोजित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर तीन छात्रओं कुमकुम साहू, दिव्या, तन्नू की समूह ने प्रथम स्थान पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सम्मान प्राप्त किए। आयोजक मंडल ने छात्रओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मान करते हुए उज्वल भविष्य की कामना किए। सरस्वती शिशु मंदिर सर्वांगीण विकास का प्लेटफार्म उपलब्ध कराती है। प्राचार्य पीएल बारले एवं संरक्षक शिक्षिका दीपिका साहू ने बताया कि सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विधार्थियो को पढ़ाई के साथ सर्वांगीण विकास के लिए सभी प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थी जिला विभाग प्रांत क्षेत्र होते हुए राष्ट्र स्तर तक आयोजनों में सहभागिता अदा करते है। विधार्थियो की प्रतिभा सामने आने से विद्यालय गौरांवित है।

## मरकामटोला व भिन्दो में रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





वनांचल ग्राम पंचायत झरनटोला के आश्रित ग्राम मरकामटोला तथा पिंगाल ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम भिन्दो में रात्रिकालीन रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम थे। उन्होंने भगवान गजानन महाराज जी की पूजा-अर्चना कर पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में तारम ने कहा जिला पंचायत चुनाव के बाद पहली बार आपके गांव में बुलाए जाने पर मैं हृदय से आभारी हूं। आपने मुझे अमूल्य वोट देकर सेवा का अवसर दिया है। मैं सदैव ग्राम की सर्वांगीण विकास में सहयोग करने के लिए तत्पर रहूंगा। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों में गिरधारी लाल कोमरे (पूर्व सरपंच खोलझर), सुरेश कुरेटी, रामचरन गोटामे, धनराज गोटामे, सचिव ग्राम पंचायत गैंजी श्रीमती चमेली बाई गोटामे, रोहित यादव, श्रवण सिन्हा, वार्ड पंच श्रीमती केशर बाई कुरेटी, शैल बाई गोटामे, कैलास कुरेटी, तुलसा बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम से आयोजन की शुरुआत हुई।मरकामटोला में आयोजित इस रात्रिकालीन रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता का थीम मोर माटी के सौंधे खुशबू रखा गया था। इस अवसर पर जनपद सदस्य निर्भय भंडारी, सरपंच झरनटोला डिकेश गांवरे, पूर्व सरपंच गोकुल भुआर्य, लतखोर तारम, फकीर भुआर्य, संतोष पटेल, पुरषोत्तम बर्सेल, चिन्ता राम चौधरी, कुमान देहारी पंच, माहुरू राम भुआर्य सहित आयोजन समिति एवं ग्रामवासी भारी संख्या में उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों से न केवल बच्चों में उत्साह बढ़ता है बल्कि ग्रामीण परिवेश में मनोरंजन का भी अवसर मिलता है। दर्शक दीर्घा में बैठे सभी ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम की खूब सराहना की।

## वनांचल क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ किया गया गणेश विसर्जन

**डौंडीलोहारा।** रविवार को वनांचल क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में गणेश भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। दस दिन तक पूजा-अर्चना एवं भक्ति भाव से गणेश स्थापना करने के बाद ग्यारहवें दिन श्रद्धालुओं ने बप्पा को विदाई दी। गांव-गांव में गणपति बप्पा मोरया और गणेश भगवान की जयकारों से माहौल गूंज उठा। विसर्जन से पूर्व भक्तों ने नारियल, अगरबत्ती, चावल, फूल और दीपक से थाल सजाकर पूजा-अर्चना की एवं प्रसाद वितरण किया। इसके बाद पिकअप और ट्रैक्टर में सवार होकर पूरे मोहल्ले और चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए भगवान गणेश की प्रतिमा को तालाब तक ले जाया गया। इस दौरान आतिशबाजी और ढोल-नगाड़ों के साथ लोग नाचते-गाते हुए अगले बरस तू जल्दी आ की पुकार लगाते रहे। मन साहू ने बताया कि विशेष रूप से वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में विसर्जन के अवसर पर अलग-अलग मोहल्लों में खीर-पूड़ी प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। धार्मिक आस्था और पारंपरिक संस्कृति से ओत-प्रोत यह आयोजन गांव के सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक बना।



## सरलता और त्याग के प्रतीक भैया शांताराम सराफ को दी गई अंतिम विदाई

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रथम प्रांत प्रचारक शांताराम पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रथम प्रांत प्रचारक अर्धशतक वर्षो से अधिक समय से समाज परिवार को संस्कार से सिंचित करने वाले मड़कुद्वीप पुनरूद्धार के नायक अनगिनत लोगो के आशीर्वाद प्रदाता छत्तीसगढ़ के प्रथम प्रांत प्रचारक शांताराम सराफ जन जन के भैया शिक्षक दिवस की संध्या नश्वर संसार की दायित्व निर्वहन पर पूर्ण विराम लगाते हुए ब्रह्मलीन में समाहित हो गए। जिनका पंच तत्व विलीन संस्कार मदकूद्वीप में शनिवार को राष्ट्रीय सेवक संघ परिवार एवं छत्तीसगढ़ शासन के मंत्रियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। इसी दिवस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में भगवान राम और महाबली हनुमान की आराधना के साथ अपने विद्यालय के आधारगत शुभचिंतक मार्गदर्शक वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सराफ को विन्रम श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। वही दूसरी ओर शिवनाथ नदी के संगम को नाव से पार कर विद्यालय समिति के अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक एके जैन, कोषाध्यक्ष बसंत शिंदे, सदस्य गुलाब साहू, मदकुदीप प्रवास कर अंतिम विदाई में शामिल हुए। विदित हो कि मदकू द्वीप दो शिवनाथ नदी की संगम पार कर तीसरी शिवनाथ नदी के पहले स्थित द्वीप है। व्यवस्थापक एके जैन ने कहा कि भैया जी सरल थे जो इस दुनिया का सबसे कठिन कार्य है। सुशिक्षित वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सराफ की व्यक्तित्व की ऊंचाई आसमान सा था लेकिन सरलता आम आदमी की तरह रही है आदमी का सरल रहना ही कठिन काम है जिसे ता जीवन बड़ी सरलता से सबके बीच भैया जी ने करके दिखाया जो हम सबके लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है।

■ छत्तीसगढ़ ने खोया एक महान चिंतक, विचारक और प्रचारक



मड़कूद्वीप पुनरुद्धार के नायक थे शांताराम

### दुर्लभ व्यक्तित्व के घनी थे सराफ

-समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने कहा कि पद और परिवार धन लालसा से मुक्त दशकों पूर्व स्वयंसेवक बनकर केवल और केवल देश की सेवा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर देना दुर्लभ मानव जीवन में दुर्लभ व्यक्तित्व को प्रमाणित करता है। ऐसे देश भक्त महान चिंतक विचारक संत वरिष्ठ प्रचारक शांता राम सराफ के मिले सानिध्य से सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर परिवार गौरांवित है। विद्यालय को विगत 34 वर्षो से सानिध्य आशीर्वाद मिलता रहा। विद्यालय में एक परिसर का नाम कारण भैया जी परिसर पहले ही किया जा चुका है जिसका लोकार्पण सांसद विजय बघेल थे। इस लोकार्पण समारोह में सराफ अचानक जगदलपुर प्रवास होने के कारण नहीं आ पाए थे।

## विधिवत पूजा अर्चना कर गणपति बप्पा का किया गया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

दस दिनों तक चले गणेशोत्सव के बाद सोमवार को श्रद्धा और उल्लास के बीच भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।नगर के नये बस स्टैंड में नया गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रतिमा स्थापित की गई थी, समिति के सदस्यों ने विधि-विधान से हवन पूजन कर गणेश जी की आरती उतारी और गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली। हर ओर "गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ" के जयकारे गूंजते रहे। समिति द्वारा पूरे 10 दिनों तक भक्ति भाव से पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन किया गया। प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचकर भगवान श्री गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लेती रही। अंतिम दिन विशेष हवन पूजन के बाद गणेश जी की प्रतिमा को पुष्प एवं मालाओं से सजाया गया और पारंपरिक ढोल-नगाड़ों की थाप पर भक्तों ने नृत्य करते हुए विसर्जन यात्रा निकाली गई।जिसमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी शोभायात्रा में शामिल होकर गणेश जी को विदाई देने पहुंचे। भक्तों ने नम आखों के साथ गणपति बप्पा को विदा किया और अगले वर्ष पुनः विराजमान होने की कामना की। विसर्जन स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार और सामूहिक आरती के साथ गणेश जी की प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। जिसमें धर्मेंद्र नायक, थानेश्वर यादव, कमलेश यादव जीतू सोनी, केशव यादव, दीपक निषाद, दर्शन केसरिया, चंद्रिका सेन, ज्ञानेंद्र सिन्हा, मन्नू कोर्राम, गौरव निषाद सहित अनेक सदस्य गणों का सक्रिय योगदान रहा। समिति के सदस्यों ने बताया कि गणेशोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज को एकजुट करने का भी माध्यम है। दस दिनों तक चलने वाले इस आयोजन से नगर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा।



## खबर संक्षेप



### आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ की प्रस्तावित हड़ताल टली

बालोद। आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की समस्याओं का निराकरण नहीं किये जाने के कारण आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ द्वारा प्रस्तावित 8 सितंबर 2025 के हड़ताल को स्थगित किया गया है। चुंकि 4 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी(रा.) नूतन सिंह कंवर की अध्यक्षता में तहसीलदार बालोद और सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर के समझ चर्चा हेतू बुलाया गया था। जिसमें कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार साहू एवं संघ के पदाधिकारियों की उपस्थिती में कर्मचारियों की समस्याओ को अधिकारियों के समझ सभी मुद्दों को प्राथमिकता से रखा गया जिस पर सहायक आयुक्त विजय सिंह कंवर ने सभी समस्याओं निराकरण के लिए आदेश जारी करने का मौखिक आ"वाशन दिया गया और उक्त दिवस के बाद अवकाश रहने के वजह से आदेश जारी नही हो पाया लेकिन 8 सितंबर को आदेश जारी करने का आ"वाशन दिया गया है।

### भाजपा प्रदेश मंत्री वर्मा का हुआ आत्मीय स्वागत

**पाटन**। छत्तीसगढ़ भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी में प्रदेश मंत्री जितेन्द्र वर्मा का दायित्व संभालने के बाद पहली बार गृह ग्राम झाड़मोखली एवं समीपवर्ती रंगकठेरा गाँव आगमन पर ग्रामीणों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आसपास के जनप्रतिनिधियों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान श्री वर्मा ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए केवल गर्व की अनुभूति ही नहीं बल्कि जनसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा है।

## निधन

### दशरथ राम साहू

**गुरूर**। ग्राम ठेकवाडीह निवासी दशरथ राम साहू उम्र 85 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम मे किया गया। पूर्व ग्राम विकास समिति अध्यक्ष दुलार सिग गंजीर, अवध राम गंजीर के पिता, अरविंद गंजीर, टेमन गंजीर के दादा एवं योग्यश्री साहू, डिम्पल साहू पारुष साहू के परदादा थे।



### पुहुप सिंह सुधाकर

**बालोद/निकुम**। ग्राम निकुम भाटापारा निवासी 85 वर्षी सेवानिवृत शिक्षक पुहुप सिंह सुधाकर का निधन हो गया है। उसका अंतिम संस्कार गृह ग्राम निकुम में किया गया। वह तुलसी सुधाकर व शिक्षक दुष्यंत सुधाकर के पिता थे।



### विमला बाई पाठक

बालोद। बालोद रेलवे कॉलोनी निवासी विमला बाई पाठक का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम यात्रा 08 सितंबर को सुबह 9 बजे रेलवे कॉलोनी निवास स्थान से रामघाट तांदुला मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सेवानिर्वित्त आरएन पाठक की धर्मपत्नी एवं भाजपा नेता भाई महेश पाठक एवं पप्पू पाठक की माता थी।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**विसर्जन :** क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की थाप और गुलाल उड़ाते हुए विसर्जित की गई गणेश प्रतिमाएं

# भगवान गणपति की पूजा कर किया विसर्जन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अंचल के विभिन्न गांवों में गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम अंडा, चिंगरी, निकुम, अछोटी, कुथरेल, चंदखुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भोथली, खाडा, रूदा, थनौद, अंजोरा, रसमडा, गनियारी, बोरई, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, खप्परवाडा, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन,देवरी ख, तिरखैरी, गोरकापार सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गणपति बप्पा की भव्य प्रतिमाओं की पूजा-अर्चना के बाद विधिवत विसर्जन किया गया।गांव-गांव में गणेश मंडलों द्वारा आयोजित दस दिवसीय उत्सव में भजन-कीर्तन, हवन, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सामूहिक सेवा ने भक्ति भाव को और गहरा किया। कहीं छोटे बच्चों ने घर में मिट्टी के बप्पा को विराजमान किया, तो कहीं बड़े-बड़े पंडालों में श्रद्धालुओं ने दिन-रात सेवा और आराधना में हिस्सा लिया।

**भक्ति और भावनाओं का मिलन-** विसर्जन के दौरान पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों की थाप, गुलाल की उड़ान और फूलों की वर्षा ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने घाटों पर एकत्र होकर गणपति को विदाई दी। विसर्जन में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्गों ने भी उत्साह से भाग लिया। गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से आसमान गूंज उठा। गणपति बप्पा के विदाई के क्षणों में जहां आंखें नम हुईं, वहीं आस्था और उत्सव का भाव और गहरा हो गया। श्रद्धालुओं ने यह संकल्प लिया कि अगले वर्ष और अधिक उत्साह, श्रद्धा और सेवा भावना के साथ बप्पा का आगमन करेंगे। इस दौरान गांवों में भाईचारे, सहयोग और समर्पण की भावना ने समाज को एक सूत्र में बांध दिया।

### अनंत चतुर्दशी पर श्रद्धा व उत्साह के साथ हुआ गणपति बप्पा का विसर्जन

**गुरूर**। ग्राम ठेकवाडीह में शनिवार को अनंत चतुर्दशी के अवसर पर भगवान गणेश की विधि विधान से हवन पूजन कर रविवार को सुबह धूमधाम से बाजे गाजे के साथ श्रद्धालु छोटे बच्चे नाचते झूमते गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की जयकारे के साथ जय घोष करते हुए तालाब में विसर्जन किया गया। इसके पूर्व शनिवार को पंडित द्वारा मंत्रेचार के साथ हवन पूजन कर पिछले 11 दिनों तक श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना किया गया जहां शनिवार को हवन पूजन के बाद रविवार को शोभा यात्र के साथ विसर्जन किया गया। इस अवसर पर चौतन्य कुमार साहू, दीपेश कुमार सेन, चुलेंद्र साहू, सुमन साहू, रुपू साहू, तन्मय कुमार, भावना साहू, जानवी साहू निधी, युग साहू, होशांक, अंशु टीजल, वंशु दार्षिक सहित अधिक संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

## गणपति बप्पा का ग्रामीण अंचलों में विधिवत किया विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम तिलखैरी में गणेशोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। गणपति बप्पा की प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन करने के बाद भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच विसर्जन किया गया। पूरे गांव का माहौल भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि गांव की बेटियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। पलक साहू, खुशी साहू, डिम्पल साहू, जानवी साहू, वैनिका साहू, दीप्ति साहू, वीणा साहू और कवि साहू सहित अन्य बालिकाएँ पिछले सात-आठ वर्षों से लगातार गणेशोत्सव की मूर्ति स्थापना और पूजा-अर्चना में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। बेटियों की इस भागीदारी को देखकर ग्रामीणों ने उनकी जमकर सराहना की। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि आने वाले वर्षों में भी इसी उत्साह और श्रद्धा के साथ गणेशोत्सव मनाया जाएगा।







### धूमधाम से हुआ गणेश बप्पा का विसर्जन

**जामगांव आर**। धूमधाम से गणेश उत्सव मनाने के बाद जामगांव आर में विसर्जन यात्र निकाली गई। जिसमें युवाओं ने भक्ति गाना की थीम पर नृत्य करते हुए नगर की गलियों में भ्रमण किया।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला बालोद की सितंबर माह की मासिक बैठक पेंशन भवन शिकारी पारा बालोद में संपन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि सेवानिवृत्ति प्रधान पाठक केआर नेताम थे, विशिष्ट अतिथि गिरधर लाल साहू, सुरेंद्र ताम्रकार एवं डीआर. यादव थे। बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजा अर्चना तथा भक्ति गीत से प्रारंभ हुई। इस माह की मासिक बैठक का मुख्य एजेंडा प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा पेंशनरों के हित में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराना, आईटीआर दाखिल कर उससे होने वाले लाभ से पेंशनरों को अवगत कराना, परिवार पेंशनर से संबंधित आवेदन पत्रें की समीक्षा करते हुए आगे की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा करना था।



**बैठक में पेंशनरों के हितों पर हुई चर्चा**

जिला अध्यक्ष डॉ चावड़ा द्वारा प्रमुख रूप से प्रांतीय कार्यालय से पेंशनरों के हित में किया जा रहे कार्यों से संबंधित जानकारी देते हुए आईटीआर दाखिल करने, इनकम टैक्स कटौती की राशि पेंशनर खाते में प्राप्त हो चुकी है जानकारी ली गई, साथ ही कुछ साथियों की नियमित पेंशन में रुकावट तथा परिवार पेंशन संबंधी समस्याओं के लिए शाखा प्रबंधक से प्रत्यक्ष रूप से भेंट कर समस्याओं के निराकरण का निर्णय लिया गया। अतिथियों के द्वारा संघ के हित में किया जा रहे हैं कार्यों के प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार द्वारा पेंशनरों को केंद्र के समान डीआर न देने पर आक्रोश व्यक्त किया गया।

बैठक में सचिव पीएल देशमुख, बीआर बेलसर, आईएन योगी, बलराम साहू, आरके साहू, केएल कौशिक, विष्णु प्रसाद नेताम, भूपेंद्र कुमार साहू, संत कुमार, सीआर साहू, आरके वर्मा, यूएस ठाकुर, सीबी देशमुख, बीआर भूआर्य, कालूराम साहू, जेपी सोनेश्वर, राजू राम साहू, ईश्वर प्रसाद साहू, रूपलाल साहू, उमेद लाल डोंगरे, मुकुंद राम ओटी, गोपीचंद पांडे, मोहनलाल धुर्वे, पुष्पा कलिहारी, सावित्रीबाई अनेक पेंशनर उपस्थित रहे। यह जानकारी संघ सचिव पुरुषोत्तम देशमुख द्वारा दी गई।

# भूमि पूजन व तीज मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कोसरिया यादव समाज सर्किल खाड़ा में भूमि पूजन तथा तीज मिलन कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय गजेन्द्र यादव केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन एवं माननीय प्रित पाल बेलचंदन, ग्राम पंचायत आमटी के सरपंच दुर्गा पुरूषोत्तम चौधरी, उप-सरपंच साहु, सर्किल खाड़ा के अध्यक्ष गुमेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष भोज राम यादव, सचिव भरत यादव, सलाहकार भगत राम यादव, महामंत्री प्रहलाद यादव, महामंत्री उमेंद यादव, बली राम यादव, दुर्जन यादव, नंद कुमार यादव, बिरेंद्र यादव, नेमीचंद, श्याम सुंदर यादव, हेमंत यादव,राजू यादव, टीकाराम यादव, नंद कुमार यादव, हेमचंद यादव, युवा अध्यक्ष युवराज यादव, महिला अध्यक्ष टीकेशवरी यादव, उपाध्यक्ष निर्मला यादव, समस्त सर्किल पंच गण, समस्त यादव बंधु तथा महिला संगठन उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम यादव समाज को संगठित करने के उद्देश्य से हर वर्ष किया जाता है। यह जानकारी सर्किल अध्यक्ष गुमेंद्र कुमार यादव ने दिया।



# शिक्षक दिवस में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

शिक्षक दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत बोहारा के मां शीतला मंदिर प्रांगण मे डोटोपार शिक्षिका शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भिरई मौसमी साहू, ग्राम पंचायत बोहारा के सरपंच रेणुका देवदास, उपसरपंच दुलारी साहू, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष रमेश साहू, पूर्व उपसरपंच मोहन पटेल, पूर्व पंच कुंजेश साहू, ग्रामीण जन हिरेन्द्र साहू, ज्ञानेश्वर साहू, लखन देवदास, रोमलाल यादव, एवं छात्र छात्रओ की उपस्थिति मे ट्रिगार्ड सहित पौंधारोपण कर उनकी सुरक्षा एवं देख रेख करने का संकल्प किया गया।



# विवेकानंद हाई स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी में शिक्षक दिवस रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से मनाया गया। जिसमें सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मां शारदा, विवेकानंद की छायाचित्र की पूजा अर्चना सभी गुरुजनों का स्वागत, आशीर्वाद लिये। शिक्षकों द्वारा गुरु की महिमा के बारे में जानकारी दी गई कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति किसी भी कार्य को बिना गुरु के कर ही नहीं सकता, माता - पिता और गुरु ही एक सफल व्यक्ति का निर्माण कर्ता है। कार्यक्रम में नन्हें - मुन्हें बालक बालिकाओं द्वारा नृत्य आदि प्रस्तुत किया गया और अंतिम में शिक्षकों को सम्मान स्वरुप उपहार देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सफल मंच संचालन गायत्री और दिपाली ने किया।

इस अवसर पर अतिथिगण शिक्षक संस्था प्रमुख एस आर यादव, एच के लेनपांडे, नेमीचंद, ममता, रानू, तोमिन, कविता, , निधी, टेशवरी, निशा, शालिनी, दिनेश्वरी, कविता, मधु, निगम, उपस्थित रहे।



**शिक्षा, खेल और संस्कृति में बच्चों को संवारने का मिला प्रतिफल**

# उपासना शिक्षा दूत अलंकरण से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

- शिक्षा नवाचार और उत्कृष्ट कार्य के लिए जायसवाल सम्मानित

विकासखंड के प्रा शाला कांड़े में पदस्थ शिक्षिका उपासना जायसवाल को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा दूत अलंकरण से अलंकृत किया गया। सेजेस बालोद सभागार में आयोजित मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान कार्यक्रम में बालोद विधायक संगीता सिन्हा,गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा,पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश यादव एवम् जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के कर कमलों से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, एफएलएन कक्षाओं के बेहतर संचालन, समरकैंप के सफल आयोजन, खेल और सांस्कृतिक विधा में बच्चों में कला विकास के लिए इस वर्ष यह अलंकरण शिक्षिका उपासना जायसवाल को प्रदान किया गया। उद्बोधन में बालोद कलेक्टर ने राष्ट्र के नव निर्माण में शिक्षकों की भूमिका को अतुलनीय बताया और बालोद जिला में इस वर्ष अच्छे परीक्षा परिणाम लाने शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ स्थापना रजत जयंती वर्ष में बालोद जिले मे यह अनूठा कार्यक्रम था जिसमे उत्कृष्ट कार्य करने वालों शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे संसार को आलोकित करने का श्रेय गुरुजनों को जाता है,जो स्वयं दीपक की तरह जलकर दुनिया को प्रकाशित करता है। शिक्षक समाज का दर्पण होता है आदर्श राष्ट्र निमार्ण में शिक्षकों की भूमिका सर्वोपरि है। इस सम्मान समारोह में प्रा शाला कांड़े को डौंडी ब्लाक में उत्कृष्ट प्राथमिक शाला का पुरस्कार भी मिला। संस्था के प्रधान पाठक अनिल कुमार देवांगन ने यह पुरस्कार अतिथियों से प्राप्त किया। शाला के प्रधान पाठक के नेतृत्व कुशलता, शिक्षक कमल किशोर निषाद की कर्तव्यनिष्ठा और जायसवाल मैडम की योग्यता के बदौलत यह सम्मान शाला को प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर बीईओ डौंडी रोहित सिन्हा,बीआरसीसी सच्चिदानंद शर्मा, संकुल प्राचार्य व समन्वयक कुआगोंदी, एसएमसी कांड़े पदाधिकारीगण, सरपंच चंद्रलेखा पायल सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं में हर्ष है।



online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411